अंत क्षेत्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता

दिनांक 21 अगस्त 2024 को अंतः क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय नं -2 डी ब्लाक जनकपुरी में अंतः क्षेत्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग सभी संबंद्ध क्षेत्रीय विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। निबंध लेखन के विषय प्रतियोगिता अवसर पर ही दिए गए। अलग-अलग चार वर्गों में विभक्त इस प्रतियोगिता में विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों द्वारा उत्साह से भाग लिया गया।

उक्त प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग (बाल) के अंतर्गत कक्षा 'ग्यारहवीं ई' (XI- E) के छात्र **आकर्ष राज** ने भाग लिया तथा दिए गए विषय 'जलवायु परिवर्तन' पर अपने विचार को अभिव्यक्त करते हुए अपने लेखन कौशल का परिचय दिया तथा प्रतियोगिता में **तृतीय स्थान** प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग (कन्या) के अंतर्गत कक्षा आठवीं ई की छात्रा **अर्नवी मैत्रा** ने भाग लिया। तथा दिए गए विषय - 'स्वच्छता-अभियान' पर निबंध लिखकर उत्कृष्ट लेखन क्षमता को प्रस्तुत करते हुए प्रतियोगिता में **द्वितीय स्थान** प्राप्त किया। इसके साथ ही **जिला स्तरीय** प्रतियोगिता हेतु अर्हता भी प्राप्त की।

दोनों विद्यार्थियों ने अपनी लेखन प्रतिभा द्वारा विशिष्ट उपलब्धि अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है, अतः दोनों प्रतिभागी प्रशंसा के पात्र हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अनंत शुभकामनाएँ!!